ब–अदालत, अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा

आर0ई0आर0 केस नं0–07 / 23–24

दिलीप कुमार भगत बनाम सूचित पंडित वगै0

21.07.2023

—:आदेश:—

वर्त्तमान वाद आवेदक दिलीप कुमार भगत, पे0–स्व0 नित्यानंद भगत, सा0–बनियाडीह, थाना व अंचल–ठाकुरगंगटी, जिला–गोड्डा के आवेदन पर मौजा–रूंजी नं0–255, जमाबंदी नं0–99, दाग नं0–07, रकवा–01–10–00 धूर जमीन से विपक्षीगण सूचित पंडित, पे0–स्व0 महेश्वर पंडित, परीक्षित पंडित, पे0–सूचित पंडित, सा0–रूंजी, सूर्यनारायण पंडित, पे0–अगनू पंडित, सा0–लाहाडीह, पीयूष ठाकुर, पे0–स्व0 तारकेश्वर ठाकुर, अनिल कु0 ठाकुर, पे0–परमेश्वर ठाकुर, नकुल देव साह, पे0–स्व0 भगवान साह, सा0–रूंजी, गौतम कु0 मंडल, पे0–स्व0 श्याम सुन्दर मंडल, सा0–बनियाडीह, राहुल साह, पे0–जयकांत साह, आशीष कुमार, पे0–दिनेश मंडल, सा0–रूंजी, सभी थाना व अंचल–ठाकुरगंगटी, जिला–गोड्डा को संथाल परगना काश्तकारी (पूरक) अधिनियम, 1949 की धारा–20 एवं 42 के तहत् उच्छेद करने हेतु दायर वाद पर प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है। तद्नुसार उभय पक्ष द्वारा निर्गत नोटिस के विरूद्ध न्यायालय में उपस्थित होकर अपना कागजात दाखिल किया गया। सुनवाई के क्रम में मध्यस्थकर्त्ता प्रमोद कुमार, पे0–स्व0 सुर्यनारायण भगत व नीरज कुमार, पे0–देवनारायण भगत, सा0–बनियाडीह, अंचल व थाना–ठाकुरगंगटी, जिला–गोड्डा द्वारा भी उपस्थित होकर कागजात दाखिल किया गया।

उभय पक्ष के विज्ञ अधिवक्ता को सुनने, अंचल अधिकारी, ठाकुरगंगटी के पत्रांक–291 / रा0, दिनांक–30.05.2023 द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन एवं अभिलेख में संलग्न कागजात के अवलोकनोपरांत पाया कि प्रथम पक्ष एवं मध्यस्थकर्त्तागण के बीच आपसी बंटवारा को लेकर स्वत्व निर्धारण संबंधी विवाद है, जिसका निष्पादन सक्षम न्यायालय से संभव है। साथ ही मध्यस्थकर्त्तागण के द्वारा न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से बयान दाखिल किया गया है कि उनके द्वारा जमीन की बिक्री द्वितीय पक्ष को नहीं की गई है। प्रासंगिक भूमि पर यदि विपक्षी द्वारा अथवा अन्य व्यक्ति का अवैध दखल हो तो, उसे संथाल परगना काश्तकारी (पूरक) अधिनियम, 1949 की धारा–20 एवं 42 के तहत् उच्छेद किया जाता है। तद्नुसार आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, ठाकुरगंगटी को भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

21.07.23

अनुमंडल पदाधिकारी,
महागामा।

21.07.23

अनुमंडल पदाधिकारी,
महागामा।

Digitally signed by Saurabh Kumar Bhuwania
Date: 2023.08.03 13:00:37 +05:30
Location: 192.168.8.117

Scanned with OKEN Scanner